
Think
IAS...

दृष्टि
The Vision

Think
Drishti

## उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (UKPSC)

# यू.के.पी.सी.एस.
# (मुख्य परीक्षा)
# प्रैक्टिस पेपर्स



दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम *(Distance Learning Programme)*

Code: UKM07

दृष्टि The Vision

# उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (UKPSC)

# यू.के.पी.सी.एस.
# (मुख्य परीक्षा)
# प्रैक्टिस पेपर्स

दृष्टि The Vision

**641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009**
**दूरभाष : 011-47532596, 8750187501**
**टोल फ्री : 1800-121-6260**
**Web :** www.drishtiIAS.com
**E-mail :** online@groupdrishti.com

पाठ्यक्रम, नोट्स तथा बैच संबंधी updates निरंतर पाने के लिये निम्नलिखित पेज को “like” करें

www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
www.twitter.com/drishtiias

UKPSC DLP

# विषय सूची (Contents)


| | |
|---|---|
| प्रैक्टिस पेपर–1 ( उत्तर व्याख्या सहित ) | 5–92 |
| प्रैक्टिस पेपर–2 | 93–104 |
| प्रैक्टिस पेपर–3 | 105–116 |
| प्रैक्टिस पेपर–4 | 117–128 |
| प्रैक्टिस पेपर–5 | 129–140 |
| प्रैक्टिस पेपर–6 | 141–152 |
| प्रैक्टिस पेपर–7 | 153–164 |

# प्रैक्टिस पेपर-1

## भाषा-प्रथम प्रश्नपत्र

**समय : 3 घंटे**

**कुल अंक : 300**
**कुल प्रश्न : 36**

**भाग-1 अधिकतम अंक-20**

**नोट: इस भाग में कुल 15 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित है।**

1. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिये।
   (i) तुम अर्द्ध-रात्रि में मेरे घर आए थे (मिश्र वाक्य)
   (ii) चोर ने जो कार चोरी की, वह ज़िला पुलिस अधीक्षक की थी (संयुक्त वाक्य)
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
2. मिश्र वाक्य की परिभाषा लिखिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
3. गांधी जी का नारा था- करो या मरो।
   (i) उपर्युक्त वाक्य किस कोटि का है?
   (ii) उपर्युक्त वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
4. (i) वह बार-बार मुझे परेशान करता रहता है।
   (ii) वाह! तुमने फिर वह कर दिखाया।
   (विधानवाचक, संकेतवाचक, इच्छावाचक, विष्मयादि बोधक)
   उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार के हैं?
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
5. 'पूर्ण विराम' किसे कहते हैं? इसका प्रयोग कब होता है? **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
6. मनोज सुंदर नवयुवक था सुगठित शरीर का स्वामी था उपर्युक्त वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाएँ।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) इतनी रात गई तुम कहाँ थे?
   (ii) उसने तुमसे अनेकों बार कहा है।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) वाल्मीकि ने अपना हृदय परिवर्तन किया।
   (ii) व्यायाम से शारीरिक प्रगति होती है।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
9. 'जल संरक्षण' पर एक स्लोगन (नारा) लिखिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
10. 'इंकलाब जिंदाबाद' नारे का अर्थ स्पष्ट कीजिये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
11. (i) 'शंकर' का उपयुक्त पर्यायवाची शब्द है- ललाटाक्ष, धनंजय, दामोदर
    (ii) 'समुद्र' का पर्याय नहीं है- सिंधुगामिनी, जलधि, पयोनिधि **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
12. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के स्थान पर समूहवाची संज्ञा का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइये:
    (i) <u>युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव</u> कौरवों के विरोधी थे।
    (ii) <u>पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण</u> पृथ्वी पर मौजूद दिशाएँ हैं। **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
13. अम्बुज-अम्बुद का अर्थभेद स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाइये। **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
14. (i) अजय और अनादि का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिये।
    (ii) प्रोविजन और ओरियेंटेशन शब्दों का हिन्दी रूपांतरण कीजिये। **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
15. निम्नलिखित वाक्यांश के लिये एक शब्द तथा संक्षिप्ताक्षर के लिये पूर्ण वाक्यांश लिखिये।
    (i) किसी वस्तु को देखने अथवा सुनने की प्रबल इच्छा।
    (ii) कृतार्थ **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

**भाग-2 अधिकतम अंक-50**

**नोट: 1. इस भाग में कुल 11 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक सम्मुख अंकित है।**
**2. हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी भाषा के प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिये।**

16. विदेशज शब्दों का आशय स्पष्ट करते हुए, पाँच विदेशज शब्दों का उल्लेख कीजिये।
    **[उत्तर सीमा : 50 शब्द] अंक : 05**

17. रूढ़ शब्दों का आशय स्पष्ट करते हुए पाँच रूढ़ शब्दों का उल्लेख कीजिये।
**[उत्तर सीमा : 50 शब्द] अंक : 05**

18. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिये।
दुरावस्था, अनुग्रहित, आमावस्या, तपश्या, यथेष्ठ
**[उत्तर सीमा : 50 शब्द] अंक : 05**

19. उपसर्ग किसे कहते हैं? उदाहरण सहित इसकी विशेषता बताइये। **[उत्तर सीमा : 50 शब्द] अंक : 05**

20. कर्मधारय एवं अव्ययीभाव समास का उदाहरणसहित अंतर स्पष्ट कीजिये।
**[उत्तर सीमा : 50 शब्द] अंक : 05**

21. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिये:
हास्यास्पद, वार्तालाप, लोकैषणा, महैश्वर्य, दिगम्बर।
**[उत्तर सीमा : 50 शब्द] अंक : 05**

22. वचन किसे कहते हैं? इसके प्रमुख भेदों का उदाहरण सहित विवेचना कीजिये।
**[उत्तर सीमा : 50 शब्द] अंक : 05**

23. क्रिया किसे कहते हैं? सकर्मक एवं अकर्मक क्रिया को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिये।
**[उत्तर सीमा : 50 शब्द] अंक : 05**

24. Translate the following into English:
एक आदर्श शिक्षक को एक मित्र, दार्शनिक तथा मार्गदर्शक होना चाहिये। उसका बौद्धिक अहंभाव उसे विद्यार्थियों की राय को पूर्ण रूप से हतोत्साहित नहीं करने देता है। **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

25. Translate the following into Hindi:
Farm households have many reasons for joining a composting programme, as they possess almost all the basic requirements for composting. Feed stocks, air, water, land and labour are present already on the farm although the scale of composting would be an important determinant of the resources available.
**[उत्तर सीमा : 30 शब्द] अंक : 03**

26. Rewrite the following passage correctly:
As epics go Ramayana have all grip ingredients that make a saga Universal everlast. With lovely loyality seduction and greed in all there varying. With its colourful character and evil-few stories has seized human imagination through the millenia story of ram the prince of Mathura.
**[उत्तर सीमा : 50 शब्द] अंक : 05**

## भाग-3 अधिकतम अंक-55

**नोट: 1. इस भाग में कुल 05 प्रश्न हैं। प्रत्येक अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित है।**
**2. हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिये।**

27. **Read the following passage carefully and answer the questions at the end of this passage:**
An earthquake comes like a thief in the night, without warning. It was necessary, therefore to invent instruments that neither slumbered nor slept. Some devices were quite simple. One, for instance, consisted of rods of various lengths and thicknesses which would stand up on end like ninepins. When a shock came it shook the rigid table upon which these stood. If it were gentle, only the more unstable rods fell. If it were severe, they all fell. Thus, the rods by falling and by the direction in which they fell, recorded for the slumbering scientist, the strength of a shock that was too weak to waken him and the direction from which it came. But, instruments far more delicate than that were needed if any really serious advance was to be made.

The ideal to be aimed at was to devise an instrument that could record with a pen on paper the movements, of the ground or of the table, as the quake passed by. While I write my pen moves but the paper keeps still. With practice, no doubt, I could, in time, learn to write by holding the pen still while the paper moved. That sounds a silly suggestion, but that was precisely the idea adopted in some of the early instruments (seismometers) for recording earthquake waves. But when table, penholder and paper are all moving how is it possible to write legibly? The key to a solution of that problem lay in an everyday observation. Why does a person standing in a bus or train tend to fall when a sudden start is made? It is because his feet move on, but his head stays still.

**Questions:**

(1) What is the passage says?

(2) Why was it necessary to invent instruments to observe an earthquake?

(3) What do you mean by seismometer?

(4) What observation referred to in the passage?

(5) Why any type instruments be needed?

**[उत्तर सीमा : 125 शब्द] अंक : 10**

28. राजभाषा अधिनियम, 1976 के तहत निर्मित प्रमुख नियमों का उल्लेख कीजिये।

**[उत्तर सीमा : 125 शब्द] अंक : 10**

29. हिन्दी भाषा के मानक वर्तनी पर प्रकाश डालिये।

**[उत्तर सीमा : 125 शब्द] अंक : 10**

30. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिये:

(i) अपना उल्लू सीधा करना (ii) आँखें फाड़कर देखना (iii) एक ही थाली के चट्टे-बट्टे (iv) ख्याली पुलाव पकाना (v) डूबते को तिनके का सहारा

**[उत्तर सीमा : 125 शब्द] अंक : 10**

31. राष्ट्रभाषा की आवश्यकता राष्ट्रीय सम्मान की दृष्टि से भी है। अपने को एक ही राष्ट्र के निवासी मानने वाले दो व्यक्ति किसी विदेशी भाषा में बात करें- यह हास्यास्पद असंगति है। इस बात का द्योतक भी है कि उस देश में कोई समुन्नत भाषा नहीं है। <u>दूसरे के सामने हाथ पसारना समृद्धि का नहीं, दरिद्रता का चिह्न है। दूसरे की भाषा से काम चलाना भी बहुत कुछ वैसा ही है।</u> जिसकी अपनी भाषा है वह दूसरों की भाषा क्यों उधार ले? इससे राष्ट्रीय सम्मान में बट्टा लगता है। विदेशों में जाने पर भारतीयों को अंग्रेज़ी में बात करते देखकर वहाँ के निवासी आश्चर्य से पूछ बैठते हैं कि क्या आपकी अपनी कोई भाषा नहीं है? इस प्रश्न का क्या उत्तर दिया जाए! भाषाएँ तो हमारे यहाँ अनेक हैं– एक से एक सुंदर एवं समृद्ध। हीन भावना के कारण हम उनको नहीं अपना पाते हैं। अपनी साहित्यिक और भाषिक समृद्धि पर संदेह बना रहता है।

1. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिये।
2. गद्यांश का संक्षेपण कीजिये।
3. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये।

**[उत्तर सीमा : 125 शब्द] अंक : 15 (5 + 5 + 5)**

## भाग-4 अधिकतम अंक-175

**नोट: 1. इस भाग में कुल 05 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।**

**2. हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिये।**

**3. निबंध लेखन हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी भाषा में से किसी एक भाषा में किया जा सकता है।**

32. परिवार में न केवल सामंती अवशेष है, वरन् यहाँ भी तीन श्रेणियाँ दिखाई देती हैं। एक वह श्रेणी है जो पैसा कमाकर लाती है। उसे सबसे अधिक आदर ही नहीं दिया जाता, वरन् उसकी मान्यता और विचार, उसकी रुचि-अरुचि और कार्य शीघ्र ही सबके लिये मानदंड के रूप में प्रस्तुत हो जाते हैं– चाहे वे कितने ही अवैज्ञानिक, अनुचित और स्वार्थपूर्ण क्यों न हों। सबसे निचली श्रेणी उन लोगों की है जो चौड़े में सोते हैं। अगर कहीं स्त्री निरक्षर हुई या निर्धन परिवार से आई हुई हो तो, वह और उसके जैसे स्थिति के व्यक्ति उस तीसरी श्रेणी में ही रहते हैं। दूसरी श्रेणी में बालक और कमाऊ व्यक्ति के वे रिश्तेदार आते हैं जो उससे कम कमाते हैं। <u>धन, अर्थ, सांसारिक सफलता और उससे मिली हुई कीर्ति की तानाशाही परिवार में जितनी चलती है, उतनी बाहर भी नहीं</u>। मानवतावाद की हरदम दुहाई देते हुए भी घर में जितना अहंवाद और व्यक्तिवाद तथा वैचारिक दासता चलती है, उसकी कोई हद नहीं।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

(i) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिये।

(ii) गद्यांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिये।

(iii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिये।

**[उत्तर सीमा : 250 शब्द] अंक : 15 (2 + 5 + 8)**

33. परिपत्र से आप क्या समझते हैं? परिपत्र का एक प्रारूप बनाइए तथा एक परिपत्र का नमूना प्रस्तुत कीजिये, जिसमें कार्यालय में महिला यौन उत्पीड़न के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का उल्लेख हो।

**[उत्तर सीमा : 250 शब्द] अंक : 20**

34. इंटरनेट क्या है? इस संदर्भ में नेटवर्क पर अपना विचार प्रस्तुत कीजिये।

**[उत्तर सीमा : 250 शब्द] अंक : 10**

35. निम्नलिखित में से किसी एक विषय का चयन करते हुए हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी भाषा में निबंध लिखिये:

(i) उत्तराखंड की पर्यटन व्यवस्था (हरिद्वार के संदर्भ में)

(ii) उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था

(iii) उत्तराखंड में ऊर्जा संसाधन (टिहरी परियोजना के विशेष संदर्भ में)

(iv) उत्तराखंड में प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाएँ

**[उत्तर सीमा : लगभग 500 शब्द] अंक : 55**

36. निम्नलिखित में से किसी एक विषय का चयन करते हुए हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी भाषा में निबंध लिखिये:

(i) भारत-चीन मैत्री: वर्तमान परिदृश्य

(ii) भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम: नए युग की शुरुआत

(iii) सागरीय प्रदूषण: प्रदूषण का अनुछुआ पहलू

(iv) महिलाओं के संवैधानिक एवं विधिक अधिकार: वर्तमान परिदृश्य

(v) नक्सलवाद: एक विचारधारा या चुनौती

**[उत्तर सीमा : लगभग 700 शब्द] अंक : 75**

## उत्तर (व्याख्या सहित)

### भाग-1

**1.** (i) जब तुम मेरे घर आए थे, तब अर्द्ध-रात्रि थी।

(ii) चोर ने कार चोरी की, पर वह ज़िला पुलिस अधीक्षक की थी।

**2.** मिश्र वाक्य उस वाक्य को कहते हैं, जिसमें एक प्रधान उपवाक्य होता है तथा एक या उससे अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं।

**3.** (i) संयुक्त वाक्य

(ii) मिश्र वाक्य – यदि नहीं करोगे, तो मरोगे।

**4.** (i) विधानवाचक

(ii) विस्मयादिबोधक

**5.** पूर्ण विराम का अर्थ पूरी तरह से रुकना या ठहरना है। वाक्य में जब भाव या विचार की पूर्णता होती है, तब इसका प्रयोग होता है।

**6.** मनोज सुंदर था; नवयुवक था; सुगठित शरीर का स्वामी था।

**7.** (i) इतनी रात गए तुम कहाँ थे?

(ii) उसने तुम्हें अनेक बार कहा है।

**8.** (i) वाल्मीकि ने अपना हृदय परिवर्तित किया।

(ii) व्यायाम से शारीरिक उन्नति होती है।

**9.** "जिसे अब तक ना समझे वो कहानी हूँ मैं,
मुझे बर्बाद मत करो पानी हूँ मैं।

**10.** 'क्रांति सदा जिंदा रहे' अथवा, 'क्रांति अमर रहे।

**11.** (i) ललाटाक्ष

(ii) सिंधुगामिनी

**12.** (i) पंचपांडव कौरवों के विरोधी थे।

(ii) चतुर्दिक पृथ्वी पर मौजूद दिशाएँ हैं।

**13.** अम्बुज = कमल। मैने तालाब से अम्बुज निकालकर मंदिर में चढ़ाया।

अम्बुद = बादल। आकाश में अम्बुद घिरने के बाद बारिश होती है।

**14.** (i) अजय = न जीतने योग्य। एक समय था जब विश्व में ब्रिटिश साम्राज्य अजय था।

अनादि = जो अंतहीन है। यह ब्रह्मांड अनादि है।

(ii) प्रोविजन = उपबंध

ओरियेंटेशन = अभिविन्यास

**15.** (i) कुतूहल

(ii) जो अपना उद्देश्य सिद्ध होने पर संतुष्ट हो।

### भाग-2

**16.** विदेशी भाषा से उत्पन्न हिन्दी में प्रयुक्त होने वाले शब्द विदेशज शब्द कहलाता है। जैसे- पुलिस, रिक्शा, टेलीफोन, स्कूल, साइकिल।

**17.** रूढ़ शब्द उन शब्दों को कहा जाता है, जो वर्णों के योग से बने हों तथा वे किसी विशेष प्रकार के अर्थ को प्रकट करते हों। परंतु उनके टुकड़ों या खंडों का कोई अर्थ न होता हो। अथवा, वे शब्द जिनके टुकड़े करने पर कोई सार्थक अर्थ न निकले, रूढ़ शब्द कहलाते हैं। जैसे- राम, घर, पेड़, आकाश, सोना।

**18.**

| अशुद्ध शब्द | शुद्ध शब्द |
|---|---|
| दुरावस्था | दुरवस्था |
| अनुग्रहित | अनुगृहीत |
| आमावस्या | अमावस्या |
| तपश्या | तपस्या |
| यथेष्ठ | यथेष्ट |

**19.** उपसर्ग दो शब्दों के मेल से बना है- उप + सर्ग। यहाँ 'उप' का अर्थ-समीप तथा सर्ग का अर्थ- सृष्टि करना। अर्थात् उपसर्ग का शाब्दिक अर्थ है- नव अर्थयुक्त शब्द का निर्माण करना। इसकी विशेषता निम्नलिखित है-

1. उपसर्ग की प्रयुक्तता से अर्थ में नई विशेषता आती है, किंतु अर्थ वही रहता है। जैसे- मूल्य-अमूल्य-बहुमूल्य।

# प्रैक्टिस पेपर-2

## भाषा-प्रथम प्रश्नपत्र

**समय : 3 घंटे**

**कुल अंक : 300**
**कुल प्रश्न : 36**

**भाग-1 अधिकतम अंक-20**

**नोटः इस भाग में कुल 15 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित है।**

1. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिये।
   (i) अध्यापक ने नकल करने वाले छात्र को पकड़ लिया (संयुक्त वाक्य)
   (ii) जो लोग परिश्रमी थे, वे सफल हो गए। (सरल वाक्य)
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
2. मिश्र वाक्य का दो उदाहरण दीजिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
3. राम ने छपने के लिये निबंध लिखा।
   (i) उपर्युक्त वाक्य किस कोटि का है?
   (ii) उपर्युक्त वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
4. (i) राम सबका काम देखता है।
   (ii) उन्होंने काव्य-ग्रंथों के साथ-साथ गद्य रचनाएँ भी लिखीं।
   उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार के हैं? (निषेधवाचक, विधानवाचक, संकेतवाचक, आज्ञावाचक)
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
5. 'अल्प विराम' किसे कहते हैं? इसका प्रयोग कब होता है?
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
6. संध्या ने कहा, मनुष्य नश्वर है।
   उपर्युक्त वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाएँ।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) मेरा यह सुझाव तुम्हारे हित का है।
   (ii) भगवान राम ने संकल्प लिया।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) तेरी बात सुनते-सुनते कान पक गए।
   (ii) सब लोग अपना काम करो।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
9. 'स्वच्छता अभियान' पर एक स्लोगन (नारा) लिखिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
10. 'धरा नहीं होगी तो सब धरा रह जाएगा' नारे का अर्थ स्पष्ट कीजिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
11. (i) 'कलापी' का उपयुक्त पर्यायवाची शब्द है- कौआ, कोयल, युवती
   (ii) 'पारावार' का पर्याय नहीं है- उदधि, मस्तक, सागर
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
12. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के स्थान पर व्यक्तिवाचक संज्ञा का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइये।
   (i) कलयुग में <u>सत्यवादी</u> कहाँ मिलते हैं।
   (ii) इस देश में <u>देश द्रोहियों</u> की कमी नहीं है।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
13. अमूल्य-बहुमूल्य का अर्थभेद स्पष्ट करते हुए दो वाक्य बनाइये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
14. (i) अद्वितीय और संवेदना का अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिये।
   (ii) जस्टिफिकेशन तथा डेडलॉक शब्दों का हिन्दी रूपांतरण कीजिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
15. निम्नलिखित वाक्यांश के लिये एक शब्द तथा संक्षिप्ताक्षर के लिये पूर्ण वाक्यांश लिखिये :
   (i) जो पाप-पुण्य, हर्ष-विषाद से मुक्त शुद्ध स्वभाव वाला हो।
   (ii) मीसा
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

# प्रैक्टिस पेपर-3

## भाषा-प्रथम प्रश्नपत्र

**समय : 3 घंटे** **कुल अंक : 300**

**कुल प्रश्न : 36**

**भाग-1 अधिकतम अंक-20**

**नोटः इस भाग में कुल 15 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित है।**

1. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिये।
   (i) जब भी मैं विकास के घर गया, मेरा आदर सत्कार हुआ। (सरल वाक्य)
   (ii) वह कानपुर जाकर काम करने लगा है। (संयुक्त वाक्य)

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

2. सरल वाक्य की परिभाषा लिखिये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

3. सूरज निकलते ही फूल खिल उठे।
   (i) उपर्युक्त वाक्य किस कोटि का है?
   (ii) उपर्युक्त वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

4. (i) उसने पत्र नहीं पढ़ा होगा।
   (ii) जो परिश्रम करेगा वह सफल होगा।
   उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार के हैं? (संकेतवाचक, निषेधवाचक, संदेहवाचक, विधानवाचक)

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

5. 'लोप विराम' किसे कहते हैं? इसका प्रयोग कब होता है?

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

6. प्रजातंत्र का अर्थ क्या है, मैं जानता हूँ।
   उपर्युक्त वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाएँ।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) हम सबकी स्थिति एक जैसी है।
   (ii) इस बात को वे नहीं समझ सकते हैं, न बोल सकते हैं।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) सभा के हर सदस्यों की यही राय थी।
   (ii) मैंने गुरु का दर्शन किया।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

9. 'भ्रष्टाचार' पर एक स्लोगन (नारा) लिखिये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

10. 'जय जवान जय किसान' नारे का अर्थ स्पष्ट कीजिये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

11. (i) 'कुसुमासव' का उपयुक्त पर्यायवाची शब्द है- मधु, मदिरा, मोती
    (ii) अहेरी का पर्याय नहीं है- लुटेरा, बहेलिया, व्याध।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

12. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के स्थान पर समूहवाची संज्ञा का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइये:
    (i) हनुमानजी का यश <u>आकाश, पाताल, मृत्युलोक</u> तक फैला है।
    (ii) <u>पितृ-ऋण, ऋषि-ऋण, देव-ऋण</u> को चुकाए बिना मनुष्य को मुक्ति नहीं मिलती।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

13. अस्त्र-शस्त्र का अर्थभेद स्पष्ट करते हुए दो वाक्य बनाइये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

14. (i) पराक्रम और निरर्थक का अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिये।
    (ii) टेस्टिमोनियल तथा टेन्योर पोस्ट शब्दों का हिन्दी रूपांतरण कीजिये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

15. निम्नलिखित वाक्यांश के लिये एक शब्द तथा संक्षिप्ताक्षर के लिये पूर्ण वाक्यांश लिखिये :
    (i) पसीने से उत्पन्न होने वाला
    (ii) पोटा

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

# प्रैक्टिस पेपर-4

## भाषा-प्रथम प्रश्नपत्र

**समय : 3 घंटे** **कुल अंक : 300**
**कुल प्रश्न : 36**

**भाग-1 अधिकतम अंक-20**

**नोट: इस भाग में कुल 15 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित है।**

1. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिये।
   (i) कर्म करने वाले को फल की इच्छा नहीं करनी चाहिये। (मिश्र वाक्य)
   (ii) जो विद्वान और सत्यवादी हैं उनका सर्वत्र सम्मान होता है। (सरल वाक्य)
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
2. सरल वाक्य एवं मिश्र वाक्य में अंतर बताइये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
3. ज़ख्म भर जाते हैं, पर बातें आज़न्म याद रहती हैं।
   (i) उपर्युक्त वाक्य किस कोटि का है?
   (ii) उपर्युक्त वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
4. (i) यदि तुम चलो, तो मैं साथ चलूँ।
   (ii) मैं आपकी बातों से सहमत हूँ।
   उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार के हैं? (संकेतवाचक, विधानवाचक, इच्छावाचक, संदेहवाचक)
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
5. 'संक्षेप सूचक' चिह्न किसे कहते हैं? इसका प्रयोग कहाँ होता है?
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
6. श्याम कृष्ण मधुकर और सुरेंद्र पढ़ रहे हैं।
   उपर्युक्त वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाएँ।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) गुप्तकालीन समय में लोग सुखी थे।
   (ii) श्याम आज ही कलकत्ता से वापस लौटा है।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) उन्हें सब पता लग जाएगा।
   (ii) मैने गुरु का दर्शन किया।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
9. 'पर्यावरण संरक्षण' पर एक स्लोगन (नारा) लिखिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
10. 'जल है तो कल है' नारे का अर्थ स्पष्ट कीजिये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
11. (i) 'कोदंड' का उपयुक्त पर्यायवाची शब्द है- धनुष, पर्वत, नौका
    (ii) 'कुसुमशर' का पर्याय नहीं है- कामदेव, मीनकेतु, कुबेर
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
12. वाच्य किसे कहते हैं? इसके प्रकारों को उदाहरण देकर समझाइये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
13. आदेश-निर्देश का अर्थभेद स्पष्ट करते हुए दो वाक्य बनाइये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
14. (i) शील और व्यथा का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिये।
    (ii) आउट पोस्ट तथा लीज होल्ड शब्दों का हिन्दी रूपांतरण कीजिये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
15. निम्नलिखित वाक्यांश के लिये एक शब्द तथा संक्षिप्ताक्षर के लिये पूर्ण वाक्यांश लिखिये :
    (i) तत्काल कविता करने में सक्षम कवि
    (ii) फेमा
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

**भाग-2 अधिकतम अंक-50**

**नोट: 1. इस भाग में कुल 11 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक सम्मुख अंकित है।**

# प्रैक्टिस पेपर-5

## भाषा-प्रथम प्रश्नपत्र

**समय : 3 घंटे**

**कुल अंक : 300**
**कुल प्रश्न : 36**

### भाग-1 अधिकतम अंक-20

**नोटः इस भाग में कुल 15 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित है।**

1. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिये।
   (i) आकाश में बादल छाते ही घनघोर वर्षा होने लगी। (संयुक्त वाक्य)
   (ii) अभिषेक थैला लेकर बाज़ार चला गया। (मिश्र वाक्य)
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
2. सरल वाक्य और संयुक्त वाक्य में अंतर बताइये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
3. अभिषेक तथा दीपक खेल-कूद रहे हैं।
   (i) उपर्युक्त वाक्य किस कोटि का है?
   (ii) उपर्युक्त वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
4. (i) तुम सदा खुश रहो।
   (ii) पानी बरसता, तो पौधे बढ़ते।
   उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार के हैं? (इच्छावाचक, संकेतवाचक, विधानवाचक, आदेशवाचक)
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
5. कोष्ठक किसे कहते हैं? इसका प्रयोग कब होता है?
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
6. वाह तुमने फिर वह कर दिखाया
   उपर्युक्त वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाएँ।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) वह अपनी ताकत के बल पर जीता।
   (ii) मैं मंगलवार के दिन व्रत रखता हूँ।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) उसने संपादक को एक कविता लिखी।
   (ii) इस विषय में मेरे विचार मैं पहले प्रकट कर चुका हूँ।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
9. 'देश भक्ति' के संदर्भ में एक स्लोगन (नारा) लिखिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
10. 'भ्रष्टाचार मिटाओ, देश बचाओ' नारे का अर्थ स्पष्ट कीजिये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
11. (i) 'शशिप्रभा' का उपयुक्त पर्यायवाची शब्द है- मोती, हंस, मैना
    (ii) 'अनीक' का पर्याय नहीं है- कारक, सेना, लोहा
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
12. संज्ञा एवं सर्वनाम में उदाहरण सहित अंतर बताइये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
13. अंजन-अजन का अर्थभेद स्पष्ट करते हुए दो वाक्य बनाइये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
14. (i) तूणीर और नज़राना का अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिये।
    (ii) सक्शेसन तथा रिकरिंग शब्दों का हिन्दी रूपांतरण कीजिये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
15. निम्नलिखित वाक्यांश के लिये एक शब्द तथा संक्षिप्ताक्षर के लिये पूर्ण वाक्यांश लिखियेः
    (i) जो देवताओं के योग्य हो
    (ii) अफस्पा
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

### भाग-2 अधिकतम अंक-50

**नोटः 1. इस भाग में कुल 11 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक सम्मुख अंकित है।**
**2. हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी भाषा के प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिये।**

# प्रैक्टिस पेपर-6

## भाषा-प्रथम प्रश्नपत्र

**समय : 3 घंटे**

**कुल अंक : 300**

**कुल प्रश्न : 36**

**भाग-1 अधिकतम अंक-20**

**नोट: इस भाग में कुल 15 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित है।**

1. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिये।
   (i) उसके पास घड़ी तो थी किंतु ठीक नहीं थी। (सरल वाक्य)
   (ii) छुट्टी होते ही बच्चे घर चले गए। (मिश्र वाक्य)

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

2. संयुक्त वाक्य एवं मिश्र वाक्य के एक-एक उदाहरण लिखिये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

3. संभावना है कि इस सप्ताहांत में मानसून आ जाए।
   (i) उपर्युक्त वाक्य किस कोटि का है?
   (ii) उपर्युक्त वाक्य को सरल वाक्य में बदलिये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

4. (i) सारे कर्मचारी अधिकारी के विचार से सहमत हैं।
   (ii) मातृभूमि की रक्षा करना देशवासियों की प्राथमिकता होनी चाहिये।
   उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार के हैं? (विधान वाचक, संकेतवाचक, आज्ञावाचक, इच्छावाचक)

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

5. 'लाघव विराम' चिह्न किसे कहते हैं? इसका प्रयोग कब होता है?

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

6. दूसरे के सामने हाथ पसारना समृद्धि का नहीं दरिद्रता का चिह्न है।
   उपर्युक्त वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाएँ।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) राम का विवाह सीता के संग हुआ।
   (ii) मुझे धैर्य के साथ काम करना चाहिये था।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) दादाजी की बीमारी चिंतनीय है।
   (ii) मैं उसकी आड़े हाथों खबर लूंगा।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

9. 'शिक्षा का अधिकार' पर एक स्लोगन (नारा) लिखिये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

10. 'पृथ्वी हमारी नहीं, हम पृथ्वी के हैं' नारे का अर्थ स्पष्ट कीजिये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**

11. (i) 'जातरूप' का उपयुक्त पर्यायवाची शब्द है-
    सोना, ब्राह्मण, मुर्गा
    (ii) 'कानन' का पर्याय नहीं है- विपिन, अटवी, हाटक

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

12. निम्नलिखित वाक्यों को 'कर्मवाच्य वाक्य' से 'कर्तृवाच्य वाक्य' में रूपांतरित कीजिये-
    (i) 'रामचरितमानस' तुलसीदास द्वारा लिखी गई है।
    (ii) खूँखार अपराधी को जेल से रिहा कर दिया गया।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

13. शिक्षा-दीक्षा का अर्थभेद स्पष्ट करते हुए दो वाक्य बनाइये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

14. (i) दलाल और प्रार्थी का अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिये।
    (ii) सरटैक्स तथा सेफ कस्टडी शब्दों का हिन्दी रूपांतरण कीजिये।

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

15. निम्नलिखित वाक्यांश के लिये एक शब्द तथा संक्षिप्ताक्षर के लिये पूर्ण वाक्यांश लिखिये:
    (i) जिसकी सारी कामनाएँ पूरी हो गई हों
    (ii) इसरो

**[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

# प्रैक्टिस पेपर-7

## भाषा-प्रथम प्रश्नपत्र

**समय : 3 घंटे**

**कुल अंक : 300**
**कुल प्रश्न : 36**

### भाग-1 अधिकतम अंक-20

**नोट: इस भाग में कुल 15 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित है।**

1. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिये।
   (i) आयुष ने केक काटा और सबको बाँट दिया (सरल वाक्य)
   (ii) अंकित की कलम छूटकर गिर गई। (संयुक्त वाक्य)
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
2. संयुक्त वाक्य एवं मिश्र वाक्य में अंतर बताइये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
3. बुजुर्ग की बातों को ध्यान से सुनना चाहिये।
   (i) उपर्युक्त वाक्य किस कोटि का है?
   (ii) उपर्युक्त वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
4. (i) मेरा मकान मेरे चाचा के मकान से अधिक दूर नहीं है।
   (ii) उसने अथक प्रयास किया।
   उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार के हैं? (निषेधवाचक, विधानवाचक, संकेतवाचक, आज्ञावाचक)
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
5. 'अवतरण विराम' किसे कहते हैं? इसका प्रयोग कब होता है?
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
6. मैं तो जितना कहता हूँ, उतना करता भी हूँ। तू तो
   उपर्युक्त वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाएँ।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) शेर को देखकर उसका प्राण सूख गया।
   (ii) राजू ने श्याम की पुस्तक को चुरा ली।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
   (i) आपकी आज्ञानुसार मैं उपस्थित हूँ।
   (ii) आपस में इतनी वैमनस्यता ठीक नहीं।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
9. 'सर्वशिक्षा अभियान' पर एक स्लोगन (नारा) लिखिये।
   **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
10. 'हिन्दी का सम्मान, देश का सम्मान' नारे का अर्थ स्पष्ट कीजिये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 01**
11. (i) 'वासव' का उपयुक्त पर्यायवाची शब्द है-
    अर्जुन, इंद्र, कामदेव
    (ii) 'दरीचा' का पर्याय नहीं है- गवाक्ष, वातायन, दरवाज़ा
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
12. अव्यय को परिभाषित करते हुए इसके प्रमुख प्रकारों को लिखिये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
13. शकल-सकल का अर्थभेद स्पष्ट करते हुए दो वाक्य बनाइये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
14. (i) अगोचर और पार्थिव का अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिये।
    (ii) एफीडेविट तथा रिमिटेंस शब्दों का हिन्दी रूपांतरण कीजिये।
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**
15. निम्नलिखित वाक्यांश के लिये एक शब्द तथा संक्षिप्ताक्षर के लिये पूर्ण वाक्यांश लिखिये:
    (i) जिसका अनुभव किया जा चुका हो
    (ii) एम्स
    **[उत्तर सीमा : 20 शब्द] अंक : 02**

### भाग-2 अधिकतम अंक-50

**नोट: 1. इस भाग में कुल 11 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक सम्मुख अंकित है।**
**2. हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी भाषा के प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिये।**

# डी.एल.पी. बुकलेट्स की विशेषताएँ

- आयोग के नवीनतम पैटर्न पर आधारित अध्ययन सामग्री।
- पैराग्राफ, बुलेट फॉर्म, सारणी, फ्लोचार्ट तथा मानचित्र का उपयुक्त समावेश।
- विषयवस्तु की सरलता, प्रामाणिकता तथा परीक्षा की दृष्टि से उपयोगिता पर विशेष ध्यान।
- क्विक रिवीजन हेतु प्रत्येक अध्याय में महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में विगत वर्षों में पूछे गए एवं संभावित प्रश्नों का समावेश।


**Website : www.drishtiIAS.com**
**E-mail : online@groupdrishti.com**

DrishtiIAS

YouTube Drishti IAS

drishtiias

drishtithevisionfoundation

**641, First Floor, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009**
**Phones : 011-47532596, +91-8130392354, 813039235456**